शुभ मुहूर्त रवि पुष्य नक्षत्र पर ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स तक जबर्दस्त कारोबार, ग्राहकों की चहल-पहल से बढ़ी रौनक

बाजारों में धनवर्षा, सिर्फ सोने-चांदी में 100 करोड़ का विक्रय

आने वाले दिनों में और बिक्री की जताई जा रही संभावना

नवभारत,जबलपुर। दीपावली और पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर जबलपुर के बाजारों में जबरदस्त रौनक और खरीददारी का माहौल रविवार को देखने मिला। रविपुष्य, सर्वार्थ सिद्धि और महालक्ष्मी राजयोग के खास संयोग के चलते सराफा , इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल के बाजार में ग्राहकों भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नतीजा ये रहा कि करोड़ों का कारोबार रविवार को हो गया और बाजारों में अच्छी खासी चहल पहल नजर आई। जानकारी के अनुसार जबलपुर के सराफा बाजार में छोटी बड़ी सभी दुकानें मिलाकर करीब 1500 दुकानें हैं जिनमें पुष्य नक्षत्र के मौके पर रविवार को करीब 100 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवरातों का रिकॉर्ड विक्रय हुआ है। यही कारण था



सराफा बाजार में खरीददारी करती हुई महिलाएं

लार्डगंज से लेकर कोतवाली तक बाजार में खरीददारी करने उमड़े लोग

कि सराफा बाजार में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। स्थानीय व्यापारियों की माने तो दीपावली तक बाजार में इससे कहीं और ज्यादा रौनक नजर आएगी। सोने-चांदी के दाम कहीं फिर 'न बढ़ जाएं इस आशंका से भी ग्राहकों ने जेवरातों की खरीददारी की जिस कारण सराफा बाजार गुलजार रहा। सराफा व्यापारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट, उपहार, आकर्षक योजनाओं और मेकिंग चार्ज में रियायत जैसे ऑफर भी दिए। आगामी विवाह सीजन को देखते हुए अनेक ग्राहकों ने आभूषणों की खरीददारी के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों के लिए बुकिंग भी शुरू की गई।



बाजार में गृह सजा की सामग्री खरीदने पहुंची महिलाएं

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 19 करोड़ का कारोबार

जानकारी के अनुसार जबलपुर में पुष्य नक्षत्र के मौके पर रविवार को दोपहिया वाहनों की करीब 4 करोड़ रुपए की बिक्री, चार पहिया वाहनों की लगभग 15 करोड़ रुपये बिक्री की गई। नए मॉडल, आकर्षक वित्तीय योजनाएं और त्योहारी ऑफर ग्राहकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख कारक रहे।

इलेक्ट्रॉनिक्स- मोबाइल-सूखे मेवे का कारोबार भी उछला

उधर मोबाइल फोन की कीमतों में वृद्धि के बावजूद कारोबारियों के प्रारंभिक आकलन में बिक्री के कुल मूल्य में कमी का विशेष प्रभाव नहीं दिखा। मोबाइल फोन, टेलीविजन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को मिलाकर जबलपुर में देर रात तक लगभग 6 से 7 करोड़ रुपये का कारोबार रविवार को किया गया है। इसके साथ ही जबलपुर में करीब 3 करोड़ रुपए के सूखे-मेवे के कारोबार की खबर सामने आई है।

इनका कहना है



पुष्य नक्षत्र के मौके पर जबलपुर सराफा व्यापार में इस बार करीब 100 करोड़ रुपयों के सोने-चांदी के जेवरातों का विक्रय हुआ है। बाजार में चांदी-सोने के रेट कम होने के कारण ये तेजी आई है, सराफा व्यापारियों को इस तेजी की इतनी उम्मीद नहीं थी।

नवीन सराफ, अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन



पुष्य नक्षत्र का दिन मुख्य रूप से ज्वेलरी की खरीददारी के लिए होता है और इस दिन सराफा क्षेत्र में ग्राहकों के सैलाब को देखा गया। कपड़ों की बात करें तो पुष्य नक्षत्र के दिन शहर का कपड़ा बाजार न तो धीमा चला और न ही तेज, यह मध्यम रहा।

प्रशांत कुमार जैन, अध्यक्ष सिविक सेंटर व्यापारी संघ



रवि पुष्य नक्षत्र पर जबलपुर के बाजारों में धन की बरसात हुई है। ऑटोमोबाइल में करीब 20 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स-मोबाइल में करीब 6 से 7 करोड़ का कारोबार रविवार को शहर में हुआ है।

दीपक सेठी, अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ

एक नजर में

मप्र स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति का लिया गया संकल्प

नवभारत, जबलपुर। नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र नर्मदा नगर द्वारा रामपुर बस्ती में 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बस्ती में आमजनों को पम्पलेटस व फ्लेक्स के माध्यम से मादक पदार्थों एवं तम्बाकू के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया। नशे से कैसे दूरी रखे इसके उपाय बताये व नशे से दूर रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर बस्ती की महिलाओं का बच्चों का अच्छा सहयोग रहा। कार्यक्रम में हेमंत सोंलंकी, नीरज रजक, एन. के. सरकार, लखन अहिरवार, श्वेता मिश्रा, सतीश गोस्वामी, उत्तम रैकवार, शान्या प्रजापति, संतोष बर्मन आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम

जबलपुर। राष्ट्रीय बजरंग दल, जबलपुर महानगर की ओर से 30 नवंबर को प्रस्तावित त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम कीतैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीणभाई तोगड़िया शामिल होंगे। कार्यक्रम में सहभागिता करने के इच्छुक युवाओं और धर्मप्रेमी बंधुओं के लिएपंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संगठन के अनुसार पंजीयन की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है।

धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूकता का उद्देश्य- संगठन का कहना है कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में धर्म, संस्कृति, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व केप्रति जागरूकता बढ़ाना है। निर्धारित तिथि पर पंजीकृत सहभागियों को त्रिशूल दीक्षा प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीयबजरंग दल ने इच्छुक लोगों से समय-सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की है।

अधारताल तालाब में घाटों की नंबरिंग का कार्य शुरू

छठ व्रतधारियों से महापौर-महासंघ की अपील : धैर्य रखें

नवभारत,जबलपुर। छठ महापर्व को लेकर अधारताल तालाब में घाटों की नंबरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही जबलपुर उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ ने महापौर से मुलाकात कर दीपावली के बाद ही छठ पूजा की बेदियां बनाने, घाटों की नंबरिंग करने तथा टोकन व्यवस्था लागू करने की मांग की थी।

महापौर जगत बहादुर सिंह एवं जबलपुर उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ ने सभी छठ व्रतियों और



श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने तथा फिलहाल घाटों पर बेदी नहीं बनाने की अपील की है। महासंघ के संयोजक डॉ. राजेश जायसवाल ने बताया कि नंबरिंग पूरी होने के बाद टोकन व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी। इसकी जानकारी सभी श्रद्धालुओं को महासंघ के ग्रुप एवं अन्य माध्यमों से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सभी के हित को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है, इसलिए श्रद्धालु सहयोग करें और जल्दबाजी में बेदी न बनाएं।

इस पहल में महासंघ के संरक्षक आलोक सिंह, जीपी विश्वकर्मा, संयोजक डॉ राजेश जायसवाल अध्यक्ष बनारसी यादव, महासचिव अमरेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष प्रीति त्रिपाठी युवा अध्यक्ष प्रोफेसर उज्जवल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, ब्रजकिशोर सिंह बिहारी सहित पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही।

विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स और कार्मिकों को दीपावली का तोहफा : ऊर्जा मंत्री

महंगाई राहत और महंगाई भत्ते में वृद्धि के आदेश जारी

नवभारत,जबलपुर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने प्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को दीपावली पर्व पर तोहफा देते हुए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीआर) के आदेश जारी कर दिए हैं। अब पेंशनर्स को छठवें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 2 प्रतिशत महंगाई राहत की वृद्धि का लाभ मिलेगा। इसी तरह वर्तमान कार्मिकों के महंगाई भत्ते में भी 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

एमपी ट्रांसको के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा के अनुसार यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफआईएन/4/0009/2025/नियम-चार, 30 अक्टूबर के अनुसार जारी किए गए हैं, जो 1 जुलाई 2026 (भुगतान अगस्त 2026) से प्रभावी होंगे। इस महंगाई राहत वृद्धि से प्रदेश के लगभग 59000 विद्युत पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी तथा मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से 1 जून 2005 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनधारकों को छठवें वेतनमान के अनुसार 262 प्रतिशत एवं सातवें वेतनमान के अनुसार 60 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनर्स को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा। महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी, जो समर्पण (कम्यूटेशन) से पूर्व निर्धारित किया गया था।

कार्मिकों को अक्टूबर माह का हुआ भुगतान

राजेश शर्मा ने बताया कि ट्रांसमिशन कंपनी में कार्यरत कार्मिकों को सातवें वेतनमान में 2 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने के आदेश 31 अक्टूबर को जारी किए गए हैं। इसके अनुसार कार्मिकों को 1 जनवरी 2026 से मूल वेतन पर कुल 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय होगा। बढ़े हुए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान अक्टूबर 2026 के वेतन के साथ कर दिया गया है। वहीं, 1 जनवरी 2026 से 30 सितंबर 2026 तक की एरियर राशि का भुगतान तीन समान किश्तों में क्रमशः नवंबर एवं दिसंबर 2026 तथा जनवरी 2027 के वेतन के साथ किया जाएगा। इस अवधि में सेवानिवृत्त या मृत कार्मिकों के प्रकरण में उन्हें अथवा नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

कादम्बरी के राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में 129 साहित्यकार सम्मानित

नवभारत,जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साहित्यिक संस्था 'कादम्बरी' का अखिल भारतीय साहित्यकार-पत्रकार सम्मान समारोह शहीद स्मारक सभागार में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी महाराज एवं प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरि जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश के विभिन्न अंचलों से आए 129 साहित्यकारों को कुल 4 लाख 18 हजार 200 रुपये की सम्मान राशि, मानपत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने साहित्यकारों को समाज का द्रष्टा बताते हुए कहा कि साहित्यकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की संवेदनाओं,



परिस्थितियों और समय के यथार्थ को अभिव्यक्त करते हैं।'कादम्बरी' के अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे ने कहा कि कादम्बरी का सम्मान मनीषियों की स्मृति का सम्मान है,यह श्रद्धा की पावन अंजुरी है। महामंत्री राजेश पाठक प्रवीण ने सम्मानित साहित्यकारों का परिचय देते हुए समारोह का संचालन किया। विशिष्ठ अतिथि अशोक मनोध्याय,डॉ. जितेंद्र जामदार,डॉ. गीता शर्मा, सहित साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं। समारोह में डॉ.अनामिका तिवारी, डॉ.लखविन्दर कौर जस्सल,ज्योति मिश्रा,ज्योति प्यासी,नौमी श्रीवास्तव,राकेश माहेश्वरी सहित 14 कृतियों का विमोचन भी हुआ।

इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान विमल बुंदेला (छतरपुर), स्व. ब्रह्मदत्त तिवारी सम्मान सुधाकर शर्मा (बालाघाट), स्व. महेशकिशोर शर्मा सम्मान डॉ. अनुज प्रताप सिंह (मिर्जापुर), स्व. लक्ष्मी शर्मा सम्मान डॉ. पशुपतिनाथ उपाध्याय (अलीगढ़), स्व.ओंकार दुबे सम्मान गिरिमोहन गुरु (नर्मदापुरम), स्व. डॉ. गार्गीशरण मिश्रा सम्मान भगत दुबे एवं डॉ. संध्या जैन श्रुति, स्व. ओंकार प्रसाद तिवारी सम्मान सुरेंद्र कौशिक (यूएसए),एवं देवेंद्र मिश्रा, पं.अश्वनी कुमार पाठक सम्मान डॉ. सुधा गुप्ता एवं डॉ.आध्या प्रसाद सिंह, स्व. रामेंद्र तिवारी सम्मान प्रबोध गोविल (जयपुर), सेठ गोविंददास सम्मान मुक्तिनाथ झा (बिहार) ने किया।

विश्वगुरू गौतम बुद्ध के 96 दिन के वर्षावास का हुआ समापन



नवभारत, जबलपुर। त्रिरत्न बुद्ध विहार निर्भय नगर आधरताल में, बौद्ध विहार महिला मंडल के तत्वाधान में विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध का 96 दिन का वर्षावास कार्तिक माह को बड़ी धूम धाम से समापन हुआ। भन्ते चन्दपाणी ने गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती प्रज्वलित की और पुष्प अर्पित किये। उपासिका पारमी पाटिल, स्मिता बौद्ध ने महान सम्राट अशोक धम्मचक्र पर पुष्प अर्पित किये।

उपासिका रमा झाडापे, ईश्वरी पाटिल, सीमा गनवीर, सुनीता चौर ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और 96 दिन का वर्षावास का समापन पर उपासका स्मिता बौद्ध ने भन्ते चन्दपाणी को भोजन दान दिया। उपासक एवं उपासिकाओं, बच्चों ने भी महाभोजन दान किया। भन्ते चन्दपाणी ने 96 दिन का वर्षावास का समापन पर महापरित्राणा पाठ किया। उपासक एवं उपासिकाओं ने विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध, डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और महान सम्राट अशोक धम्मचक्र की वन्दना की। बुद्धं सरण गच्छामि, धम्मं सरण गच्छामि, संघं सरणं गच्छामि की गुंज रही। इस दौरान रमा झोडापे, पारमी पाटिल, ईश्वरी पाटिल, सीमा गनवीर, कंचना कामडे, स्मिता बौद्ध, सुनंदा वासनिक, ओमपकाश चौर, नन्दकिशोर पटले, शिवदास बोरकर दिलीप गनवीर, अर्जुन पाटिल, सुनील मानेकर एवं समस्त बुद्ध विहार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

जैविक हाट का आकर्षण रहीं मौसमी भाजियां और फल

उपभोक्ताओं ने किसानों से सीधे खरीदे प्राकृतिक उत्पाद

नवभारत,जबलपुर। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी जबलपुर में रविवार को आयोजित साप्ताहिक जैविक हाट बाजार में स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। जैविक हाट में जैविक अनाज, दालें, सब्जियां, मसाले, मोटे अनाज, मौसमी फल एवं अन्य खाद्य उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। उपभोक्ताओं को यहां किसानों से सीधे जैविक उत्पाद खरीदने का अवसर मिला।

जैविक हाट में के पी सिंह द्वारा विभिन्न प्रजातियों के उत्पादित अमरूद, अर्चना के मिलेट्स फूड तथा संदीप ठाकुर की आंवला कैंडी एवं अचार विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की मौसमी भाजियां, सब्जियां और फलों में सीताफल, अमरूद एवं आंवला भी उपलब्ध रहे। हाट बाजार में जैविक उत्पादों के महत्व और उनके लाभों की जानकारी भी आमजन को दी गई। जैविक हाट के सफल संचालन और कृषकों के उत्साहवर्धन के लिए उप संचालक कृषि उमेश कटहरे, अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन सहित विकासखंड शहपुरा के कृषि विभाग की समस्त टीम उपस्थित रही। साप्ताहिक जैविक हाट बाजार प्रत्येक रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य जैविक खेती करने वाले किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना तथा आमजन में जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर सुमित्रा बनीं आत्मनिर्भर

मिलेट्स कुकीज और गोबर के दीये कर रहीं सप्लाई

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं किस तरह आत्मनिर्भर बन सकती हैं, इसकी मिसाल अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह की सुमित्रा पटेल पेश कर रही हैं। सुमित्रा ने मिलेट्स से बिस्किट, कुकीज और केक बनाने से अपने काम की शुरुआत 2022 में की। इसके बाद प्रशिक्षण के दौरान गोबर और फूलों से उपयोगी उत्पाद बनाने की जानकारी मिली तो उन्होंने गोबर से दीये बनाने का काम भी शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उनके उत्पाद की मांग बढ़ने लगी है।

सुमित्रा पटेल के साथ अन्नपूर्णा स्वयं सहायता समूह की करीब 20 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और यह सभी महिलायें उखरी विजय नगर से गोबर से दीये बनाने का काम कर रहीं शुरुआत में परिवार और स्थानीय लोगों तक ही उत्पादों की बिक्री होती थी। बाद में मंदिरों से भी ऑर्डर मिलने लगे। सुमित्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को उनके समूह ने नगर निगम को 11 हजार गोबर के दीयों की आपूर्ति की थी। इसके बाद उनके उत्पादों की मांग दूसरे शहरों से भी आने लगी। सुमित्रा बताती हैं कि दीपावली के अवसर पर हाल ही में अयोध्या से गोबर के दीयों का बड़ा ऑर्डर मिला है।

सीजन में 4 से 5 हजार रुपए की बचत

समूह की महिलाओं को त्योहारों के सीजन में सबसे ज्यादा काम मिलता है। इस दौरान महीने में 4 से 5 हजार रुपए तक की बचत होती है। वहीं सामान्य दिनों में भी प्रत्येक महिला महीने में करीब 3 से 5 हजार रुपए तक की कमाई कर लेती है। इसके साथ ही समूह की महिलाएं मिलेट्स से तैयार बिस्किट और कुकीज की सप्लाई भी कर रही हैं। इस तरह स्थानीय स्तर से शुरू हुआ उनका काम अब दूसरे शहरों तक पहुंच रहा है और महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम बन रहा है। सुमित्रा और उसके समूह ने आज 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह में कल्चरल स्ट्रीट पर स्टॉल लगाया था।

अभियान सुरक्षित बचपन अभियानका शुभारंभ

बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर और कानूनी अधिकार

नवभारत,जबलपुर । मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशों के पालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) जबलपुर द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान का गरिमामय शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में इस अभियान का आगाज पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल के बालक छात्रावास से हुआ।

अभियान के प्रथम दिन मेरा बचपन, मेरा अधिकार विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग किया गया।



गुड टच-बैड टच की पहचान और पोक्सो एक्ट की दी जानकारी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शक्ति वर्मा ने बच्चों को

सरल भाषा में गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने बाल अधिकारों, बाल संरक्षण तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के कानूनी प्रावधानों व उपलब्ध विधिक उपचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कानूनी मदद के लिए टोल-फ्री नंबर और ई-बॉक्स की उपयोगिता

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला विधिक सहायता अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने संकट के समय मदद के लिए नालसा के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया, ताकि बच्चे किसी भी आपात स्थिति में सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।

दिल्ली के निर्भया कांड का उल्लेख कर समझाया कानून का महत्व

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मन में उठ रहे विभिन्न सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित द्वारा किया गया। बच्चों के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने देश को झकझोर देने वाले दिल्ली के निर्भया कांड का जिक्र किया और बताया कि आखिर देश में सख्त पोक्सो एक्ट की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने बच्चों को निडर रहकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अभियान को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य निलेश लाड़, अमर कुमार वर्मन, अविनाश चौधरी, प्रमोद डेहरिया एवं आयुष मिश्रा उपस्थित रहे।



गुरू रामदास ने की थी विश्व प्रसिद्ध अमृतसर की स्थापना

प्रकाशोत्सव पर उमड़ा उल्लास, लगा भव्य कीर्तन दरबार

नवभारत,जबलपुर। सिख धर्म के चतुर्थ गुरु रामदास साहिब का पवित्र प्रकाशोत्सव समारोह गुरुद्वारा अधारताल मैदान में उमंग, उल्लास और आस्थापूर्वक मनाया गया । इस मौके पर लगे भव्य कीर्तन दरबार में स्वर्ण मंदिर श्री अमृतसर, पंजाब के विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई गुरजिंदर सिंघ खुशदिल, गुरुवाणी मीमांसाक ज्ञानी जगजीत सिंह जाचक, लखनऊ, उ.प्र., भाई इंदर सिंह, भाई सतनाम सिंह स्त्री सत्संग सभा अधारताल सहित विभिन्न विद्वतजनों ने गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी मीमांसा के साथ साथ संगत को रसविभोर किया।

धन धन रामदास गुरु, जिनी सिरिया तिनै सवारिया तथा गुरु रामदास नू मिलन बधाइयां जैसे हृदयस्पर्शी गुरुवाणी शबद सुनकर श्रद्धालुजन सतनाम वाहेगुरु का जाप करते हुए आत्मविभोर हो गए ।

गुरु का लंगर दिनभर किया गया वितरित

इस मौके पर गुरु का लंगर दिनभर वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सरदार हरमिंदर सिंह सैनी ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, अंचल सोनकर, दलवीर सिंह जस्सल सहित विभिन्न सेवादारों को सम्मानित किया। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्पूर्ण अखण्ड पाठ भी संपन्न करवाये गए। कड़ाह प्रसाद वितरण के साथ ही सोल्लास समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन रणजीत सिंह गुगली एवं आभार प्रदर्शन प्रधान हरमिंदर सिंह सैनी ने किया ।